हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 25 अक्टूबर 2025



06 भगवान श्रीकृष्ण व राधा रानी की पूजा-अर्चना कर...



07 नपा का पीछा नहीं छोड़ रहा नालों का ओवरफ्लो...






## समाचार संक्षेप

### समाजसेवी गोपाल सेन ने की दीपावली के अवसर पर गोमाता की पूजन



**राघौगढ़।** नगर के समाधि वाले बाबा के नाम से मशहूर समाजसेवी गोपाल सेन ने दीपावली के पावन अवसर पर गो माता की पूजा अर्चना की और विश्व शांति की कामना करते हुए सभी का भला हो ऐसी ईश्वर से प्रार्थना की प्रतिवर्ष गायों की पूजा करते हैं।

### फतेहगढ़ थाना पुलिस ने जुआ के फड़ पर दबिश देकर 4 जुआरी दबोचे

**गुना ।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के दिशा निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिले में विविन्न अवैध व असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त माफियाओं, कारोबारियों, तस्करों आदि पर निरंतर कार्यवाहियां की जा रहीं है । इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में जिले के फतेहगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जयनारायण शर्मा और उनकी टीम द्वारा बीती शाम फतेहगढ़ में जुए की सूचना पर दविश देकर 04 जुआरियों पर कार्यवाही करते हुए 5,620/-रुपये नगदी सहित तास की एक गड्डी जप्त की गई है । बीती शाम जिले के फतेहगढ़ थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि फतेहगढ़ के झिरिया मंदिर के पास कुछ लोग फड़ जमाकर तास पत्तों से रूपयों की हारजीत के दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं । थाना क्षेत्र में जुए की सूचना के मिलते ही जुआरियों की धरपकड़ हेतु फतेहगढ़ थाने से पुलिस की एक टीम तत्काल रवाना हुई और झिरिया मंदिर के पास मुखबिर की बताई जगह पर पहुंचकर देखा तो 04 लोग तास पत्तों से रूपयों की हारजीत का मांग पत्ती का खेल खेलते दिखे, जिन्हें पुलिस फोर्स द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया । पूछताछ पर जिनके द्वारा अपने नाम 1-राजू पुत्र आशाराम मीना उम्र 38 साल, 2-देवेन्द्र पुत्र पुरूषोत्तम मीना उम्र 35 साल, 3-गोपाल उर्फ बंटी पुत्र मूलचंद मीना उम्र 33 साल एवं 4-हंसराज पुत्र रामस्वरूप मीना उम्र 40 साल निवासीगण ग्राम लालोनी थाना फतेहगढ़ जिला गुना के होना बताए । पुलिस द्वारा मौके से कुल 5,620/- रूपये नगदी सहित तास की एक गड्डी विधिवत जप्त कर जुआ खेलते पकड़े गए सभी जुआरियों के विरूद्ध फतेहगढ़ थाने में अप.क्र. 268/25 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की गई ।

### दुर्गम क्षेत्रों की गर्भवती माताओं के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच एवं उपचार सत्र आयोजित

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में जिले के दुर्गम क्षेत्रों में गर्भवती माताओं हेतु विशेष जांच एवं उपचार सत्रों का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में आज विकासखंड राघौगढ़ अंतर्गत एचडब्ल्यूसी झरपई के आदिवासी ग्राम बोरदा में ग्राम की गर्भवती माताओं के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर सीएचओ श्री सोनू गुर्जर द्वारा लगाया गया। जिसमें ग्राम के ऐसे मजरे-टोलों में निवासरत गर्भवती महिलाएं, जो नदी-नालों के कारण नियमित रूप से एचडब्ल्यूसी झरपई नहीं पहुंच पातीं, उनके घर-घर जाकर स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में सभी गर्भवती महिलाओं की आवश्यक स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श दिया गया। जांच के दौरान एक गर्भवती महिला में हीमोग्लोबिन की कमी पाई गई, जिसे आयरन सुक्रोज लगवाने हेतु अगले दिन एचडब्ल्यूसी झरपई आने की समझाइश दी गई।इस पहल से दुर्गम और पहुंच-विहीन क्षेत्रों की गर्भवती माताओं को घर-घर पर ही स्वास्थ्य सेवाएं एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई। सभी महिलाओं एवं उनके परिजनों ने इस पहल के लिए महिला एवं स्वास्थ्य विभाग तथा प्रशासन का आभार व्यक्त किया और खुशी जाहिर की।

### कलेक्टर के निर्देशन में बाल संरक्षण योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत समेकित बाल संरक्षण योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड एवं जिला बाल संरक्षण समिति गुना के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल सम्प्रेक्षण गृह, शिशु गृह एवं चाइल्ड लाइन 1098 की गतिविधियों पर चर्चा की गई।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला क्वालिटी एश्योरेंस कमेटी की बैठक संपन्न

**चिकित्सालय में अस्वच्छता फैलाने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर जुर्माना अधिरोपित करने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में शुक्रवार को स्थानीय रेडक्रॉस भवन में जिला क्वालिटी एश्योरेंस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं में सुधार, स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता उन्नयन के संबंध में विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा चिकित्सालय की स्वच्छता और सुव्यवस्था में सुधार लाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए चिकित्सालय परिसर में पान-गुटखा खाकर थूकने या अस्वच्छता फैलाने वालों के विरुद्ध 200 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई का उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि आमजन में स्वच्छता के प्रति व्यवहारिक परिवर्तन लाना है। अस्पताल परिसर में आवारा पशुओं की उपस्थिति पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर कन्याल ने लापरवाही बरतने वाले सिक्योरिटी गार्ड एवं पार्किंग ठेकेदार पर तत्काल 200-200 रुपये का जुर्माना अधिरोपित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, अस्पताल प्रशासन प्रतिदिन निगरानी रखे और इस संबंध में प्रति शुक्रवार को स्वच्छता एवं व्यवस्था का निरीक्षण किया जायेगा।उन्होंने निर्देशित किया अस्पताल में "स्वच्छता बनाए रखें, गंदगी न फैलाएं" इस संबंध में नियमित एनाउंसमेंट कर लोगों को जागरूक किया जाये। पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित बनाने के लिए वाहन खड़े करने के स्थानों को चिह्नित करते हुए चूने की लाइन डाली जाए, ताकि परिसर सुव्यवस्थित एवं साफ-सुथरा रहे। बैठक के उपरांत कलेक्टर कन्याल ने जिला चिकित्सालय परिसर का निरीक्षण किया।

उन्होंने मातृत्व वार्ड, नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) तथा निर्माणाधीन सीसीएचबी भवन का जायजा लिया और निर्माण गुणवत्ता, स्वच्छता एवं मरीजों की सुविधाओं के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए।

## रास्ता देने के नाम पर धौंस देकर 500-500 रुपए उघाए

# पटाखा व्यवसायियों से नपा के संविदा कर्मी के निजी कर्मचारी ने की अवैध वसूली



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

प्रशासनिक अनदेखी कहें या जानबूझकर अपनों को उपकार करने का नतीजा माना जाए कि नगर पालिका में इन दिनों कुछ संविदा कर्मचारी जमकर चांदी कूट रहे हैं । इतना ही नहीं संविदा कर्मियों ने अपने निजी कर्मचारी लगाकर शहर में अवैध वसूली भी शुरू कर दी है। हाल ही में एक ताजा मामला प्रकाश में आया है, एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें आरोप लगाया गया है, जो वास्तव में चौंका देने वाला है क्योंकि यहां सताए गए लोग कोई भूमि भवन स्वामी नहीं है, दुकानदार नहीं है बल्कि बहुत गरीब लोग हैं जो पटाखा की दुकान लगाकर जैसे तैसे अपनी सालाना रोजी-रोटी कमाने का प्रयास करते हैं ।वह भी जान पर खेल कर। जी हां हम बात कर रहे हैं पटाखा बाजार में लगाई गई दुकानों के उन दुकानदारों की जिनसे नगर पालिका के संविदा कर्मी के निजी कर्मचारी ने घौस देकर अवैध वसूली की है । आरोप है कि फटाका दुकानदारों को रास्ता देने के नाम पर पांच 500 की वसूली की गई जबकि यह रास्ता नगर पालिका द्वारा पहले से ही निर्धारित किया गया था और बाद में नगर पालिका की जेसीबी के द्वारा ही यह कार्य किया गया । लेकिन जिस तरह से निजी कर्मचारियों ने दुकानदारों से निजी तौर पर कार्य करने का कहकर रकम की वसूली की थी उसके बाद जब काम नगर पालिका की जेसीबी द्वारा कराया गया तब सभी दुकानदार यह देखकर चौंक गए और अवैध वसूली का सारा मामला उजागर हो गया ।बता दें कि इन दिनों नगर पालिका में संविदा कर्मचारीयों के द्वारा जमकर असंवैधानिक कार्य किया जा रहे हैं। पिछले दिनों संविदा कर्मी द्वारा सीएमओ के हस्ताक्षर करके जो कारनामा किया था वह लोग अभी तक नहीं भूले और उसमें कई कर्मचारियों को निलंबित और बर्खास्तगी का सामना भी करना पड़ा था हालांकि बाद में उस पर किस तरह से और किसके आदेश से लीपा पोती हो गई है अभी शोध का विषय है । फिलहाल एक संविदा कर्मचारी जिसे बहुत खासम खास माना जा रहा है और उसे एक नहीं बल्कि चार शाखों का प्रभार दे दिया गया है जिसके चलते संविदा कर्मी इस वक्त नगर पालिका का किंग बना हुआ है और कई परमानेंट कर्मचारी भी उसके आगे नतमस्तक हैं ।आखिर ऐसा क्यों हो रहा है और किसके सहारे पर वह है किंग बन बैठा है और यह अवैध वसूली वह अपने निजी कर्मचारियों के माध्यम से कराकर किसकी जेब में भरने में लगा हुआ है इसकी भी जांच पड़ताल होनी चाहिए। पटाखा दुकानदारों ने अपनी शिकायत उचित माध्यम से सक्षम प्लेटफॉर्म तक पहुंचा दी अब देखना होगा नतीजा क्या निकलता है। क्या फिर से वही लीपापोती हो जाती है या वास्तव में दोषियों को दंड मिलता है । बहरहाल नागरिकों में इस घटना को लेकर बड़ा असंतोष है और नगर पालिका की साख पर दाग लग रहा है। यह वही नगर पालिका है जिसे क्षेत्रीय सांसद और स्थानीय कलेक्टर विशेष तवज्जो देते हैं। बावजूद एसके अवैध उगाही की घटनाएं प्रकाश में आ रही है तो जिम्मेदार कौन है।

**■ इनका कहना है**

आपसे इस तरह जानकारी मिली है इसको मैं नगरपालिका सीएमओ से कहकर दिखवाता हूं। अगर ऐसा कृत्य किया है उसके विरुद्ध उचित कार्रवाई जाएगी। भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

-किशोर कुमार कन्याल
कलेक्टर, गुना

**■ इनका कहना है**

इस तरह का कृत्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मैंने पहले भी अपना नंबर सार्वजनिक कर कहा कि अगर कोई भी समस्याओं हो या भ्रष्टाचार हो रहा है मुझे से संपर्क कर सकता है। क्योंकि यह भाजपा की सरकार एवं केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी का क्षेत्र है ऐसे कृत्य बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। पहले भी सीएमओ के फर्जी दस्तखत का मामला सामने आया था, जिसमें मैंने और सीएमओ ने थाने में शिकायती आवेदन दिया था लेकिन उसमें आगे कोई कार्यवाहि आगे नहीं बड़ी । इस घटना के पूर्व एवं उक्त कृत्य के बाद भी मैंने सीएमओ सुश्री मंजूषा खत्री जी को बोला था कि संविदा कर्मियों पर अति विश्वास मत करो स्थाई कर्मियों का कार्यो मे ज्यादा उपयोग करो । विगत 3 - 4 माह से कुछ संविदा कर्मियों की वजह से भाजपा की नगरपालिका परिषद कि छवि आम जन में धूमिल हो रहीं हैं जिसके संबंध में वरिष्ठ नेतृत्व एवं संगठन से बात करूंगी ।




- सविता अरविंद गुप्ता
नपाध्यक्ष, नगरपालिका गुना

# कैंट थाना क्षेत्र में चोरी की दो वारदातें, सूने घर में सेंधमारी तो शोरूम के बाहर से वाहन पार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के कैंट थाना क्षेत्र मेंचोरी की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें चोरों ने सूने घर से सोने-चांदी के जेवर, नगदी व अन्य घरेलू सामान पर हाथ साफ कर दिया, वहीं दूसरी वारदात में एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल शोरूम के बाहर से चोरी कर ली गई। दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत सकतपुर रोड स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पीछे रहने वाले हेमंत लोधा के घर पर हुई। फरियादी हेमंत लोधा पुत्र कैलाशचंद लोधा ने थाना उपस्थित होकर बताया कि को वह अपने परिवार सहित गांव चक सिलावटी गया हुआ था। घर पर ताला लगा हुआ था। अगले दिन सुबह करीब 5.30 बजे पड़ोसी लालसिंह लोधा का फोन आया



जिसने बताया कि उसके और धर्मेन्द्र लोधा के घर के ताले टूटे हुए हैं। सूचना पर हेमंत और धर्मेन्द्र सुबह 7.30 बजे घर पहुंचे तो देखा कि घर का ताला टूटा था और अंदर अलमारी खुली हुई थी। घर में रखा सामान अस्त-व्यस्त था और पुराने इस्तेमाल में आने वाले सोने-चांदी के जेवर, करीब 80 हजार रुपये नकद, एक एलईडी टीवी और होम थिएटर चोरी मिले। इसी तरह धर्मेन्द्र लोधा के घर से भी घरेलू सामान चोरी हुआ। वहीं पास में रहने वाले सुरेन्द्र खटीक के घर से चांदी के जेवर, नगदी 3800 रुपये और एक बकरा चोरी हो गया। तीनों घरों में एक ही रात में चोरी होने से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है।इसी प्रकार दूसरी वारदात मैसी ट्रैक्टर शोरूम कुशमौदा के बाहर हुई जहां ग्राम मुडियाखेड़ा निवासी चैनसिंह पुत्र प्रेमनारायण मीना उम्र 55 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल लेकर ट्रैक्टर देखने आए थे। चैनसिंह ने अपनी हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल एमपी 08-4753 शोरूम के बाहर सडक़ किनारे खड़ी की थी। जब वह शोरूम से बाहर आए तो मोटरसाइकिल वहां नहीं थी। काफी तलाश के बाद भी वाहन का पता नहीं चला, जिसके बाद उन्होंने थाना कुंभराज में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस दोनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच में जुट गई है।

### नगर के गीता क्षेत्र महावीरपुरम में चल रहा स्वाध्याय सत्संग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

विश्व गीता प्रतिष्ठानम के गीता संस्कृत स्वाध्याय मंडल गुना के तत्वाधान में नगर के गीता क्षेत्र महावीर पुरम में स्वाध्याय सत्संग कार्यक्रम चल रहे है । विगत रविवार को पं जितेंद्र शर्मा के यजमानत्व में गीता स्वाध्याय विगत रविवार को विकास नगर के सिद्धेश्वरी माता मंदिर में संपन्न हुआ इस रविवार 26/10/25 कोभी वहीं 4:00 बजे से गीतास्वाध्याय आयोजित किया जाएगा। आयोजन के यजमान रामबाबू भार्गव ने समस्त धर्म प्रेमी जनों से आयोजन का मैं सम्मिलित होने का अनुरोध किया है।

## वाहन चेकिंग कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 25 वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर, 19,000 समन शुल्क वसूला




**गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में गुना पुलिस द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सरल, सुदृढ़ यातायात व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु सघन वाहन चेकिंग अभियान सतत रूप से संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में बीते रोज उप पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार दीक्षित के पर्यवेक्षण में यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक अजय प्रताप सिंह ने अपने यातायात बल के साथ वाहन चेकिंग की गई। इस दौरान विभिन्न वाहनों को चेक किया गया जिनमें मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने वाले 25 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 19,000 रुपये शमन शुल्क वसूल किया गया। चैकिंग के दौरान एक यात्री बस के बिना प्रदूषण सर्टिफिकेट और आपातकालीन द्वार के बगैर पाए जाने पर उस पर 3500/- रुपये और एक ट्रैक्टर के ट्रॉली में ओव्हर लोड भूसा लादकर पूरी रोड को कवर करते हुए पाए जाने पर उस पर 5000/- रुपये जुर्माना अधिरोपित किया गया। प्रभारी यातायात अजय प्रताप सिंह द्वारा समझाइस दी गई कि सभी वाहन चालक कृपया रोड सेफ़्टी और मोटरयान अधिनियम का पालन करें, आपकी सुरक्षा सर्वोपरि है।

# सख्त हुआ प्रशासनः गुना में कार्बाइड गन का निर्माण-विक्रय और उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

दीपावली पर्व के दौरान सुरक्षा और जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गैस लाइटर, प्लास्टिक पाइप लाइन और कैल्शियम कार्बाइड के मिश्रण से बनाई जाने वाली खतरनाक कार्बाइड गन के निर्माण, खरीद-फरोख्त और उपयोग पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।

इस संदर्भ में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल ने शुक्रवार को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किया।यह निर्णय तब लिया गया जब दीपावली पर सोशल मीडिया पर कार्बाइड गन के उपयोग से जुड़े वीडियो वायरल हुए। जांच में पाया गया कि जिले के कुछ स्थानों पर अवैध रूप से यह उपकरण तैयार कर उसका उपयोग किया जा रहा है। इस उपकरण में कैल्शियम कार्बाइड और पानी के मिश्रण से एसिटिलीन गैस उत्पन्न होती है, जो तेज़ धमाका कर तीव्र ध्वनि उत्पन्न करती है। बताया गया है कि यह गैस आंखों, दिमाग और नर्वस सिस्टम के लिए अत्यंत घातक है। अन्य जिलों में इसके उपयोग से कई लोगों की आंखों की रोशनी जाने और गंभीर चोट आने की घटनाएँ सामने आ चुकी हैं।कलेक्टर कन्याल ने कहा कि आगामी दिनों में विवाह समारोहों और अन्य आयोजनों में भी ऐसे उपकरणों के उपयोग की आशंका बनी रहती है, इसलिए जन सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस पर रोक आवश्यक है। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि जिले की सीमा के भीतर किसी भी व्यक्ति, दुकान, संस्था या समूह द्वारा इस प्रकार की गन का निर्माण, विक्रय, प्रदर्शन या उपयोग कानूनी अपराध माना जाएगा। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि यह आदेश जनहित से जुड़ा है, इसलिए इसे सार्वजनिक मीडिया और समाचार पत्रों में व्यापक रूप से प्रसारित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग अवगत हो सकें। जिला जनसंपर्क कार्यालय को निर्देश दिए गए हैं कि आदेश का प्रचार-प्रसार निःशुल्क तथा प्रमुखता से कराया जाए।साथ ही आमजन से अपील की गई है कि यदि कहीं भी कार्बाइड गन के निर्माण, बिक्री या उपयोग की जानकारी मिले तो इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम नंबर +91 94799 92449 पर तत्काल दें।

कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया है कि सूचना मिलते ही तत्काल कार्यवाही कर उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर कन्याल ने कहा कि दीपावली उत्सव खुशी, उजाला और सद्भावना का पर्व है, जिसे सुरक्षित वातावरण में मनाना सभी का दायित्व है। खतरनाक और गैरकानूनी साधनों का उपयोग न केवल स्वयं के लिए बल्कि आसपास के लोगों के लिए भी नुकसानदायक हो सकता है। इसलिए प्रशासन ने यह कदम नागरिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण को ध्यान में रखकर उठाया है। जिले में इस आदेश के लागू होते ही पुलिस एवं प्रशासनिक अमला सतर्क मोड पर आ गया है और अवैध निर्माण व उपयोग पर निगरानी शुरू कर दी गई है।

## रंग-बिरंगे फूलों व आकर्षक विद्युत लाइटों से सजा मंदिर परिसर, हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की

# अतिप्राचीन सिद्ध स्थल श्री द्वारकाधीश मंदिर पिपरोदा में हुआ भव्य अन्नकूट

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना





ग्राम पिपरोदा स्थित अति प्राचीन सिद्ध स्थल श्री द्वारकाधीश मंदिर में इस वर्ष भी भक्तिभाव और उल्लास के साथ विशाल अन्नकूट प्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया।आयोजक प्रकाश टॉकीज परिवार द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी भगवान श्री द्वारकाधीश का विधि-विधान से अभिषेक कर छप्पन भोग अर्पित किया गया।

पूरे मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की, जिनमें जिले सहित दूर-दूर से आए भक्त शामिल हुए। आयोजक परिवार ने बताया कि"प्रभु श्री द्वारकाधीश की कृपा एवं बड़े-बुजुर्गों के आशीर्वाद से हमें यह धार्मिक अनुष्ठान करने का सौभाग्य प्राप्त होता है। हरि इच्छा रही तो यह आयोजन आने वाले वर्षों में भी इसी भव्यता से आयोजित किया जाएगा। नगर पालिका के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी धरम ने बताया कि यह आयोजन लगातार 20 वर्षों से अनवरत जारी है ।




### श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर समाजसेवी ने कराया सुंदरकांड व भंडारा

गुना। श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर शुक्रवार को समाजसेवी नीलम बिंदल ने सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। इस अवसर मंहत सियारामदास महाराज एवं पुजारी हरिदास जी उपस्थित रहे। सुंदरकांड पाठ के बाद भंडारा का आयोजन किया, जिसमें सभी प्रसादी पाई।

## खबर संक्षेप



### पेड़ से गिरकर किसान की मौत परिजन गमगीन

**बार**। बार थाना क्षेत्र के कडरयाना मुहल्ले में एक किसान की नीम के पेड़ से गिरकर मौत हो गई। दातुन तोडऩे के लिए पेड़ पर चढ़े 58 वर्षीय विनोद कुमार साहू का पैर फिसल गया, जिससे वे नीचे आ गिरे। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, मृतक विनोद कुमार साहू पुत्र जगन्नाथ प्रसाद मंगलवार दोपहर करीब दो बजे अपने घर के पास स्थित नीम के पेड़ पर दातुन तोडऩे के लिए चढ़े थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वे नीचे बने चबूतरे पर जा गिरे। मुहल्लेवासी और परिजन तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बार लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद विनोद कुमार साहू को मृत घोषित कर दिया। विनोद कुमार साहू की मौत की खबर सुनते ही पत्नी और परिजनों में शोक छा गया। उनके दो पुत्र हैं, जो ललितपुर में रहते हैं, उन्हें घटना की सूचना दे दी गई है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।।

### शराब पीने के लिए रुपए न देने पर मारपीट

**ललितपुर**। औद्योगिक आस्थान चंदेरा स्थित अजित नाथ दाल मिल पर कार्यरत रमेश बड़ा पुत्र बलसह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 21 अक्टूबर की अपराह्न करीब 3.30 बजे दो मोटर साइकिल से चार अज्ञात लोग आये और उससे शराब पीने के लिए रुपये मांगने लगे। मना करने पर उक्त लोगों ने लात-घूसों और लोहे के सरिया से सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। हमला होने के बाद उसके भाई उमेश व प्रदीप बचाने पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गयी और जान से मारने की धमकी देकर उक्त लोग मौके से भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### अस्पताल के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**ललितपुर**। मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर अंतर्गत थाना चंदेरी के प्राणपुरा निवासी समीर खान पुत्र अनवर खान ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 20 अक्टूबर को सुबह 10 बजे वह अपनी मोटर साइकिल संख्या एम.पी. 67 एम.जी. 2243 एच.एफ.डीलक्स लाल रंग से अपनी मां कुरैशा बानो जो कि बाहुबलि अस्पताल में इलाज के दौरान भर्ती हैं को देखने आया हुआ था। यहां उसने अपनी मोटर साइकिल मोहल्ला रावतयाना नदिया किनारे अस्पताल के सामने रखकर मां को देखने चला गया। अपराह्न करीब 1.57 पर जब वह बाहर आया और उसने देखा कि उसकी मोटरसाइकिल मौके से गायब थी। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### छेड़छाड़ व पॉक्सो प्रकरण में 3 को किया गिरफ्तार

**विदिशा**। महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति सतर्कता दिखाते हुए थाना कोतवाली पुलिस ने छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## अन्नकूट गोवर्धन पूजा संपन्न, श्रीराधा कृष्ण मंदिर में हुआ भंडारा

# भगवान श्रीकृष्ण व राधा रानी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

दीपावली पर्व के दूसरे दिन गांधीनगर नई बस्ती स्थित श्रीश्री 1008 श्रीराधा कृष्ण साहू समाज मंदिर में अन्नकूट एवं गोवर्धन पूजा का भव्य आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर भक्तों की भीड़ से गुलजार रहा। भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

मंदिर प्रांगण में भगवान श्रीकृष्ण के समक्ष अन्नकूट के रूप में विभिन्न प्रकार के व्यंजन सजाए गए, जिन्हें देखकर भक्तों में उत्साह और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा विधिवत सम्पन्न कराई गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गोवर्धन पर्वत की प्रतिकृति के चारों ओर परिक्रमा लगाई और भगवान से सुख-समृद्धि एवं अच्छी फसल की कामना की। पूजा-अर्चना के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में सभी के लिए स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी आयोजन पूरी श्रद्धा, प्रेम और आपसी सौहार्द के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान भक्ति संगीत और कीर्तन के सुरों से वातावरण गुंजायमान रहा। महिलाएँ और बच्चे पारंपरिक परिधान में सजे नजर आएं। अन्नकूट और गोवर्धन पूजा के



इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना दिया। इस अवसर पर स्थानीय गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों और युवाओं की भी विशेष उपस्थिति रही जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। गांधीनगर नई बस्ती में आयोजित इस अन्नकूट एवं गोवर्धन पूजा ने यह संदेश दिया कि धर्म, भक्ति और एकता से ही समाज में खुशहाली संभव है। इस दौरान पं.प्रवीण दुबे, पं. राहुल चौबे, प्रेम नारायण, दीपांशु, शिवानी, शिखा, मयंक, रूपेंद्र, कठोर, प्रिय, मोनिका, वंश, ब्रज, देव, भावना, विनय कुमार जोशी टेलर्स, पत्रकार देवेंद्र साहू सहित समस्त मोहल्लेवासी मौजूद रहे।

## किसानों ने डीएम को दिया ज्ञापन

# छह माह से बंद पड़े फीडर को चालू कराने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कल्यानपुरा फीडर की बंद पड़ी बिजली को सुचारू करायी जाकर किसानों को राहत दिये जाने की मांग को लेकर गांव से आये किसानों ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन ओएसडी अनिल कुमार दीक्षित को सौंपा।

ज्ञापन में किसानों ने बताया कि ग्राम पंचायत कल्यानपुरा के अंतर्गत आने वाला फीडर पिछले छह माह से बंद पड़ा हुआ है। इसके सम्बन्ध में बिजली विभाग के कई अधिकारियों को सूचित किया गया है, जिसमें अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुयी है। इस कारण किसानों को अत्याधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि न तो खेतों की सिंचाई हो पा रही है और न ही फसल की बुवाई हो पा रही है। यह भी बताया कि कचनौंदा फीडर से कल्यापुरा के लिए विद्युत संचालन किया जाये, जिससे किसान सिंचाई करने के लिए परेशानियों से न जूझे और नलकूप सुचारू रूप से संचालित हो। किसानों ने जिलाधिकारी से कल्यानपुरा फीडर को जल्द संचालित किये जाने की मांग उठायी। ओएसडी अनिल कुमार दीक्षित ने किसानों की मांग को सुनकर जल्द निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्राम प्रधान, कांग्रेस के प्रदेश सचिव बलवंत सिंह राजपूत, समर सिंह एड., विक्रान्त, घनश्याम, रमेश, अजय, साबिर, घनश्याम, अनवर खां, इद्दू खां, विजय के अलावा अनेकों किसान मौजूद रहे।

# ब्लैक में खाद बेचने पर मेसर्स अहिंसा ट्रेडर्स की दुकान व गोदाम किया सील

## वीडियो का संज्ञान लेते हुए जिला कृषि अधिकारी ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बिरधा स्थित खाद दुकान व गोदाम पर जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुये सील कर दिया है। गौरतलब है कि बिरधा स्थित मेसर्स अहिंसा ट्रेडर्स का कुछ दिनों पहले वीडियो वायरल हुयी थी, जिसमें भारी अनियमित्ताएं नजर आयी थीं। इस वीडियो का संज्ञान लेते हुये जिला कृषि अधिकारी ने कार्यवाही की।

बताया जा रहा है कि बिरधा स्थित मेसर्स अहिंसा ट्रेडर्स का उर्वरक लाइसेंस कार्यालय जिला कृषि अधिकारी के पत्रांक सं. 341 सत्रह अक्टूबर को निलम्बित कर दिया गया था। इसी कार्यवाही को आगे बढ़ाते हुये 22 अक्टूबर को जांच के दौरान सहयोग न करने एवं उर्वरकों का भण्डारण



वैज्ञानिक तरीके से न करने के कारण आईएफएमएस पोर्टल पर प्रदर्शित उपलब्ध यूरिया, डी.ए.पी., टी.एस.पी. एवं एन.पी.के.एस. का भौतिक सत्यापन सही ढग़ से न होने के कारण आज मेसर्स अहिंसा ट्रेडर्स बिरधा का उर्वरक प्रतिष्ठान एवं गोदाम दोनों को सील करते हुयें अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। कृषि विभाग द्वारा जिले के सभी थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को सचेत किया है कि उर्वरकों का विक्रय किसानों को निर्धारित दर पर करना सुनिश्चित करें अन्यथा किसी कार्यवाही के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## ग्राम अनौरा की घटना, दोनों पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

# खेत में पानी भराव को लेकर दो पक्षों में लाठी-डंडों से जमकर हुई मारपीट

**ललितपुर**। खेत में पानी भर जाने की बात दो पक्षों में इतनी बढ़ गयी कि लाठी-डंडों से मारपीट हो गयी। दोनों तरफ से हुये प्रहार में दोनों पक्षों के दर्जन भर से अधिक लोग घायल हो गये। प्रकरण को लेकर पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम अनौरा में हुये इस प्रकार के घटनाक्रम में पहले पक्ष की ओर से अनौरा निवासी उपेन्द्र सिंह पुत्र गोपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 22 अक्टूबर को रात करीब 8 बजे उसके खेत में गांव के राघवेन्द्र पुत्र हरदेव सिंह, कृष्णपाल सिंह, प्रिवेन्द्र सिंह पुत्रगण राघवेन्द्र सिंह, सुनीता पत्नी राघवेन्द्र, छाया पत्नी कृष्णपाल, हरदेव सिंह पुत्र दिलीप सिंह ने उसके खेत में पानी भर दिया, जिससे फसल क्षतिग्रस्त हो गयी। जब उसने उलाहना दिया कि उसके खेत में पानी क्यों डाला, इतना सुनते ही उक्त लोगों ने एकराय होकर लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी, जिससे उसका परिवार घायल हो गया। मारपीट में उसके परिजनों में उसके अलावा रामराजा सिंह, गोपाल सिंह, अनीता, गीता, नव्या को अंधरूनी चोटें आयीं हैं। पुलिस ने उपेन्द्र की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 324 (2) व 115 (2) के तहत एफआईआर दर्ज की है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से अनौरा गांव की ही सुनीता पत्नी राघवेन्द्र सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके पति राघवेन्द्र सिंह पुत्र के साथ वह खेत पर पानी डाल रही थी। तभी बगल में लगे चाचा के खेत में पानी चला गया, जिस पर चाचा को फोन करके बताया कि आपके खेत में पानी गलती से चला गया है, जो नुकसान हो गया है उसकी भरपाई कर दूंगा। इस पर चाचा गोपाल पुत्र दिलीप सिंह, उपेन्द्र सिंह पुत्र गोपाल, गीता पत्नी गोपाल, प्रीति पत्नी उपेन्द्र, भूरि पत्नी स्व.पुष्पेन्द्र ने एकराय होकर उसे, उसके पुत्र व पति को गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे उसके मुंह व शरीर में गंभीर चोटें आयीं हैं। वहीं पुत्र के कपड़े फाड़ दिये और जान से मारने की धमकी दी। आरोप यह भी है कि उक्त लोगों ने खेत की मेड को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 352, 115 (2), 351 (3), 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## पुलिस ने एफआईआर दर्ज की

# परिवार पर हमला, महिलाओं पुरुषों को घर में घुसकर पीटा

**ललितपुर**। थाना बानपुर अंतर्गत ग्राम तौर टपरियन में निवासी जयहिन्द पुत्र अतल सिंह यादव ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती शाम उसके पिता अतल सिंह ललितपुर बाजार से आ रहे थे। तभी गांव की नहर की पुलिया पर गांव के ज्ञान सिंह पुत्र लक्ष्मन सिंह मिले, जिन्होंने पिता को रोकते हुये गालियां दीं। मना करने पर मारपीट पर आमादा हो गये, जहां से किसी प्रकार बचकर उसके पिता घर वापस आ गये। यहां रात करीब 8 बजे जब पिता व माता बैठे हुये थे, तभी ज्ञान, नन्दराम, रामेश्वर पुत्रगण लक्ष्मण, बृजेन्द्र पुत्र ज्ञानी व यादवेन्द्र पुत्र नन्दराम यादव अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ घर में घुस आये और लाठी-डण्डों से मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि हमले के दौरान उसकी मां का मंगलसूत्र व सोने की पुतरिया कहीं गिर गयी, जो कि नहीं मिली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी

### एकराय होकर मारपीट करने का आरोप

गांधीनगर चण्डी मंदिर के पास रहने वाले उत्कर्ष नायक पुत्र राजेश नायक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 21 अक्टूबर को रात करीब 10.30 बजे वह अपने दोस्तों उदय पाराशर पुत्र बालकिशन नायक, वंश पुत्र स्व.सुभाष शुक्ला, सुमिति कौशिक पुत्र विश्वनाथ के साथ पुष्पेन्द्र गैला वाली गली में थे। तभी शिवम पठान, अरविन्द पाल, बब्बू नामदेव ने अपने अज्ञात साथियों के साथ एकराय होकर गालियां देते हुये मारपीट कर दी। इस हमले में उसे व उसके दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गये। आरोप है कि लोगों के आने पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# ट्रेन में टिकट चेकिंग के बहाने टीटीई पर महिला से छेड़छाड़ का आरोप

## सीजेएम कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकद्दमा

**ललितपुर**। जनरल टिकट लेकर तबीयत खराब होने पर स्लीपर कोच में चढऩा महिला को काफी भारी पड़ गया। महिला यात्री का आरोप है कि टिकट चेकिंग करने आये टीटीई ने छेड़छाड़ करते हुये अभद्रता की। ललितपुर पहुंचने पर जीआरपी उसे व टीटीई को थाने लेकर पहुंची, जहां जीआरपी ने एफआईआर दर्ज नहीं की, जिसके बाद टीटीई द्वारा अपना नाम, पता बताये बिना ही राजीनामा कर माफी मांगी। जीआरपी की शिथिल कार्यप्रणाली की शिकायत एसपी रेलवे से की गयी, लेकिन कार्रवाई न होने पर महिला ने न्यायालय की शरण ली।

अब सीजेएम न्यायालय के आदेश पर जीआरपी ने महिला की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। ललितपुर रेलवे कालोनी में रहने वाली पूजा ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष दावा पेश किया है। बताया कि इसी वर्ष जून माह की 30 तारीख को वह ट्रेन नं. 20808 हीराकुण्ड एक्सप्रेस में झांसी से ललितपुर की यात्रा कर रही थी। जनरल टिकिट लेकर वह तबीयत खराब होने के चलते बी-1 कोच में जाकर खड़ी हो गयी। टिकट चेक करने के लिए टी.टी. आया और उसने टिकिट मांगी, जिस पर उन्होंने टिकट दिखाया। आरोप है कि टी.टी. ने उससे अभद्रता की, जिस पर उन्होंने जुर्माना देने की बात कहते हुये अभद्रता न करने की बात कही। महिला का आरोप है कि टी.टी.ई. ने उसे अकेली समझकर उसका हाथ पकड़ कर छेडछाड़ कर गेट की तरफ ले जाने लगा। महिला ने उससे कहा कि उसके पति सरकारी काम से झांसी गये थे, जहां से लौट रहे हैं। इस पर टीटीई भड़क गया। महिला जब अपने पति के पास पहुंची और घटना की जानकारी दी तो टीटीई ने उसके पति व उसके साथ एक अन्य पुलिस कर्मी के साथ अभद्रता करते हुये वाद-विवाद कर ट्रेन में न चलने की धमकी देने लगा। मजबूरन उसने पति के मोबाइल फोन से जीआरपी ललितपुर को 15.30 बजे चलती ट्रेन से सूचना दी, जिस पर जीआरपी द्वारा ट्रेन ललितपुर रूकते ही थाने ले आये, यहां टीटीई ने अपना नाम मप्र के जिला कटनी के शास्त्री नगर कालोनी निवासी दिनेश कुमार पुत्र काशी बताया। महिला ने बताया कि चेकिंग के दौरान टीटीई अपनी नेम प्लेट व पहचान छिपाये हुये था, थाने पहुंचने पर टीटीई द्वारा माफी मांग कर राजीनामा किया। मामले की शिकायत महिला द्वारा 23 जुलाई 2025 को पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी से की गयी, जिसमें टीटीई द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों का दुरुपयोग करते हुये चलती ट्रेन में छेड़छाड़ जैसी गंभीर घटना को अंजाम देने की शिकयत की गयी। लेकिन जब कार्रवाई नहीं हुयी तो पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। अब सीजेएम न्यायालय के आदेश पर जीआरपी ने टीटीई के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## अभियान में की कार्रवाई

# पुलिस ने चेकिंग में युवक को अवैध तमंचा के साथ पकड़ा



**ललितपुर**। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना पूराकलां पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान थाना पूराकलां अंतर्गत ग्राम बलरगुवां निवासी कृष्णपाल सिंह उर्फ मंझले राजा पुत्र स्व.नत्थूसिंह को ग्राम पतारा से हिरासत में लिया है। कृष्णपाल सिंह के पास से पुलिस ने एक अवैध तमंचा 315 बोर व 02 अवैध जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये हैं। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ 188/25 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की है। अभियुक्त को पकडऩे वाली पुलिस टीम में उ.नि.नरेन्द्र सिंह, का.भगवान सिंह, का. विष्णु प्रताप सिंह शामिल रहे।

## कीर्तिशेष रानी विश्वकर्मा के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

# मृत्युभोज के स्थान पर शांति यज्ञ व पौधरोपण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा आचार्यजी के छोटे भाई बद्रीनारायण विश्वकर्मा की धर्मपत्नी कीर्तिशेष रानी विश्वकर्मा जो विगत ढाई वर्ष से असाध्य रोग कैंसर से ग्रसित थी, उनके निधन पर समाज सुधार की दशा में मृत्यु भोज के स्थान पर शान्ति यज्ञ, श्रद्धांजलि सभा एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित अनेक सामाजिक, राजनैतिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी शोक सम्वेदनाएं व्यक्त करते हुए विश्वकर्मा परिवार को सम्बल दिया।



उपस्थितजनों में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश, पूर्व विधायक फेरनलाल अहिरवार, सम्राट बनाफर, देवेन्द्र कौशिक, रामू कुशवाहा, संग्राम सिंह, जे.पी.यादव, पूरन सिंह, अजय श्रीवास्तव, विजयसिंह यादव, अजय प्रताप सिंह तोमर, जगदीश यादव, लखनलाल आर्य, आर्य समाज सचेतक पुरुषोत्तम दुबे, रतीराम पटेल, महेंद्र यादव, राजेश यादव, वंदना मेहता, अमर घुटारी, विजय डयोडिय़ा, हरीश कपूर, सिरनाम सिंह, सन्मति सराफ, शानू बाबा, नरेन्द्र राजपूत, शेरसिंह यादव, कपिल नायक, डा.जगमोहन यादव, अरिमर्दन सिंह, धुरव साहू, रामप्रताप, शुभम देवलिया, राजीव लागौन, इन्द्रपाल सिंह, अमर जमौरा, महेंद्र सिंदवाहा, तिलक बानौली, रामकिशोर मुखिया, श्रीराम नामदेव, परिचय नामदेव, रामचरन झा, गौरव विश्वकर्मा, भीकमसिंह यादव, भजनलाल कुशवाहा, डा.महेश झा, डा.जगमोहन, श्याम बिहारी, शत्रुघ्न यादव, राम भगवान, मोंटी शुक्ला, डा.के.एस.सिंह, रामचरन झा, रूपनारायण विश्वकर्मा, खुशालचन्द साहू, तिलक बानौली, दीपक नामदेव, घनशयामदास सेन, अमर जमौरा, हरिसिंह यादव, लखनलाल विश्वकर्मा, दयाराम, बॉबी सरदार, कन्हैया नामदेव, इं.चन्द्रशेखर अहिरवार, बी.आर.विश्वकर्मा, आशीष चौबे, सलीम मंसूरी, भीम चौरसिया, देवीसिंह यादव, रामदास श्रोतीय, फिरोज इकबाल, रवि झा, अनिल यादव, आयुष नामदेव, राघवेन्द्र राजा आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। ततपश्चात एक अशोक का वृक्ष लगाया गया। अंत में परिवार की ओर से लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा ने आभार व्यक्त किया।

### चोरी की वारदातों का खुलासा, 3 आरोपी गिरफ्तार, 1.80 लाख का माल बरामद

**विदिशा**। कोतवाली पुलिस ने चोरी के प्रकरण में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने चोरी गई स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, सोने-चांदी के गहने एवं नगदी सहित कुल 1 लाख 80 हजार का मशरूका बरामद किया है। साथ ही 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहनगिरी, काछी मोहल्ला, पटेल गार्डन और तिलकचौक इलाके में हाल ही में हुई चोरी की वारदातों के बाद पुलिस ने इन मामलों की जांच तेज की थी। इन प्रकरणों में थाना कोतवाली में प्रकरण दर्ज किए गए थे। पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी जयंत पिता कालूराम लोधी (26) निवासी ग्राम जांबर बागरी, मजहर उर्फ मल्लू पिता अफसर पठान (20) निवासी बेस दरवाजा, विदिशा, तथा अजय मांझी पिता हल्के राम मांझी निवासी मंडी गेट के पास से पुलिस ने आरोपियों से चोरी गई स्प्लेंडर बाइक व सोने-चांदी के आभूषण नकदी बरामद की है। पुलिस की इस कार्रवाई से शहरवासियों में राहत और संतोष की भावना है।

स्थाई समाधान के बजाए सफ़ाई का जुगाड़ और मानवीय लापरवाही ने बिगाड़े हालात

# नपा का पीछा नहीं छोड़ रहा नालों का ओवरफ्लो होकर बहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

तीज त्योहार हो या कोई बड़े आयोजन, लाख प्रयास के बावजूद नालों से ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहने वाला गंदा पानी नपा की साफ सफाई व्यवस्था को मुंह चिड़ा देने का काम कर ही देता है। ऐसा भी नहीं है कि नगर पालिका इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाती हो आए दिन नालों की साफ सफाई होती रहती है इसके बावजूद नाले हैं कि ओवर फ्लो होते ही रहते हैं। नियमित रूप से साफ सफाई होने के बावजूद नालों के पानी का सड़कों पर बहने का कारण नगर पालिका द्वारा सफाई का जुगाड़ लगाना और लोगों की लापरवाही भी कारण है।

शुक्रवार को गणेश जी के पीछे टोड़ी गणेश बाजार में सड़क पर नाले से पानी ओवर फ्लो होकर बहने से लोग परेशान हो गए आते जाते वाहन गंदा पानी उलीच कर समस्या को ओर बढ़ाने का काम करते रहे शिकायत मिलने पर नगर पालिका ने नाले की सफाई कर पानी का निकास कर दिया। इससे पहले चूड़ी मार्केट में दीपावली वाले दिन ही नाला चौक हो जाने से चूड़ी मार्केट में पानी भर गया। जिसके फोटो वीडियो लोगों ने सोशल मीडिया पर डालकर नगर पालिका पर खूब तंज भी किए बाद में नपा कर्मियों ने नाला सफाई कर पानी निकास कर दिया गया। यह तो बस बानगी भर है, शहर में ऐसा कोई दिन खाली नहीं जाता जब नगर पालिका को नालों की सफाई न करनी पड़ती हो। इसके पीछे मुख्य कारण एक तो नगर पालिका का इस समस्या के स्थाई निराकरण के प्रति अरुचि दूसरे लोगों की लापरवाही है जिसके कारण नाले ओवरफ्लो हो रहे हैं।



### हजार साल पुराने नालों के बूते चल रही जल निकासी व्यवस्था

नगर पालिका का सफाई व्यवस्था राजा महाराजाओं द्वारा निर्मित पुराने परंपरागत नालों पर आधारित रहना है। शहर काफी बड़ा हो चुका है जनसंख्या कई गुना अधिक बढ़ चुकी है ऐसे में उक्त नाले अब छोटे पढ़ रहे हैं इसके लिए मीरा रमेश गर्ग की परिषद के समय सीवर लाइन स्वीकृत करवाई गई थी लेकिन उसे अमली जामा पहनाने के प्रति शायद उनके बाद आने वाली परिषदों ने गंभीरता से प्रयास नहीं किए। जानकारों का मानना है कि शहर में सीवर लाइन बन जाए तो पूरी समस्या का स्थाई निराकरण भी हो जाए।

### पॉलीथिन बनी समस्या की मूल जड़

नालों के आए दिन ओवरफ्लो होकर सड़क पर बहने का मुख्य कारण पॉलिथीन है लोगों द्वारा अत्यधिक रूप से पॉलिथीन का उपयोग करने से नाले चौक हो रहे हैं पॉलिथीन को लोग सड़कों पर फेंक देते हैं जो नालियों के माध्यम से नालों में पहुंचकर एकत्रित हो जाती है और वह दूसरे कचरे के साथ रुकावट पैदा कर नालों को चौक कर डालती हैं जिससे नालों से पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहने लगता है।प्रश्न यह उठ रहा है कि जब भारत सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान चलाया जा रहा हैं जिसमें पॉलिथीन बैन है तो फिर वह चलन में क्यों है। लोगों को पॉलिथीन के बहिष्कार के बारे में समझाइश क्यों नहीं दी जा रही नगर पालिका या जिला प्रशासन पॉलिथीन के उपयोग को रोकने के प्रति रुचि क्यों नहीं ले रहा है। अगर पॉलिथीन पूरी तरह बेन हो जाए तो नगर पालिका को भी नालों की साफ सफाई से बहुत हद तक छुटकारा मिल सकता है। सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान के तहत नगर पालिका समय-समय पर सरकार को जवाब देने के उद्देश्य से औपचारिकता निभाते हुए रैली निकालकर जागरूकता फैलाने और दो-तीन दुकानदारों से पॉलिथीन जप्त करने की रस्म बताइए करती है लेकिन इस अभियान को कभी उसने गंभीरता से चलाया ही नहीं।

### इनका कहना है...

पॉलिथीन के अत्यधिक चलन की वजह से भी नालों की सफाई में कर्मचारियों को परेशानी आती है अगर पॉलिथीन का उपयोग बंद हो जाए तो साफ सफाई में भी परेशानी नहीं आएगी इसके लिए शीघ्र ही अभियान भी चलाया जाएगा।

सत्यभानू जाटव
हेल्थ ऑफिसर नपा श्योपुर

---

आस्था पूर्वक मनी गांधीवादी विचारक श्योपुर पूर्व विधायक की पुण्यतिथि

# गांधीवादी विचारधारा को ओढ़ने पहनने वाले थे सत्यभानू:भीमसेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पूर्व विधायक सत्यभानू सिंह चौहान ने अपना पूरा जीवन गांधीवादी विचारधारा को समर्पित कर दिया था। उनका उठना बैठना चलना बोलना ओढ़ना पहनना सब गांधीवादी विचारधारा से जुड़ा रहा, वह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की सच्ची प्रीति मूर्ति थे यह मेरा सौभाग्य रहा की मुझे उनके साथ लंबे समय तक रहकर इस विचारधारा को आत्मसात करने का अवसर मिला और यह मेरा दुर्भाग्य है कि अब वह मेरे साथ नहीं हैं। यह बात वयोवृद्ध नेता भीमसेन शर्मा ने ग्राम दलारना में गांधीवादी नेता पूर्व विधायक स्व सत्यभानू सिंह चौहान की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उनके जीवन वृत पर प्रकाश डालते हुए कही।

गांधीवादी विचारक श्योपुर के पूर्व विधायक स्व. सत्यभानु सिंह चौहान की प्रथम पुण्य तिथि पर शुक्रवार को दलारना गांव की आदिवासी बस्ती में सर्वधर्म प्रार्थना सभा कर सर्वोदय नेता को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान वरिष्ठ नेता भीमसैन शर्मा व समाजसेवी कैलाश पाराशर, जय सिंह जादौन,आदित्य चौहान ने गांधीवादी नेता के द्वारा सर्वहारा वर्ग के उत्थान के लिए किए गए कार्यों पर डाला प्रकाश। श्रद्धांजलि सभा उपरान्त फल वितरण किया गया इस दौरान उनके सुपुत्र सौरभ चौहान,अतुल चौहान व परिवार जन सहित गांधीवादी भी मौजूद रहे।



---

सीएमएचओ बोले मामले की जांच करवाएंगे,दोषी पर करेंगे कार्रवाई

# फोन करने के बाद भी नहीं आई एंबुलेंस,परिजन मरीज को हाथ ठेले से लेकर पहुंचे अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले के कराहल विकासखंड मुख्यालय पर शुक्रवार को स्वास्थ्य सुविधाओं के दावों की पोल खोलता नजारा उस समय दिखाई दिया,जब एक घायल व्यक्ति को उसके परिवार के लोग उसे हाथ ठेले पर लिटाकर अस्पताल ले जा रहे थे। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। परिवार के लोगों का कहना है कि उन्होने एंबुलेंस को बुलाने के लिए फोन भी किया,लेकिन आधे घंटे तक इंतजार किए जाने के बाद भी एंबुलेंस नहीं आई। ऐसे में दर्द से कहराते घायल को हाथ ठेले के जरिए अस्पताल ले जाना पडा।

हाथ ठेले पर अपने घायल चाचा को इलाज के लिए कराहल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आ जा रहे कराहल के पालीवाल चौक निवासी राम सिंह कुशवाह ने बताया कि उसके चाचा एक हादसे के दौरान घायल हो गए और उनके पैर में फैक्चर हो गया। चाचा को अस्पताल ले जाने के लिए हमने 108 एंबुलेंस को फोन किया और आधे घंटे तक एंबुलेंस के आने का इंतजार भी किया। लेकिन एंबुलेंस नहीं आई। ऐसे में दर्द से कहराते चाचा का दर्द हमसे देखा नहीं गया,इसलिए हम चाचा को इलाज के लिए हाथ ठेले में लिटाकर कराहल स्थित अस्पताल ले जा रहे है। इस संबंध में सीएमएचओ डॉ डीएस सिकरवार का कहना है कि इस मामले की जांच करवाएंगे और जिसकी लापरवाही मिलेगी, उस पर कार्रवाई भी की जाएगी। ऐसी स्थितियां किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



---

एक पक्ष ने मानपुर तो दूसरे पक्ष ने देहात थाने में दर्ज कराई एफआईआर

# रामबाड़ी में सगाई तोड़ने पर दो पक्षों के बीच चले लाठी-डंडे, 6 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मानपुर थाना क्षेत्र के गांव रामबाडी में बीती शाम को दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान दोनों पक्ष के लोगों के बीच जमकर लाठी डंडे चल गए। जिसमे दो महिलाओं समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। यह विवाद सगाई तोडने की बात को लेकर हुआ। खास बात यह है कि जिस जगह पर यह विवाद हुआ,वहां मानपुर और देहात थाना क्षेत्र की सीमा मिलती है। इसलिए एक पक्ष ने मानपुर थाने में तो दूसरे पक्ष ने देहात थाने में पहुंचकर मारपीट की एफआईआर दर्ज कराई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रामबाडी निवासी श्यामसुंदर बंजारा ने अपनी पौती का रिश्ता बचपन में ही गांव के ही गिर्राज बंजारा के परिवार के एक लडके के साथ तय कर दिया था। अब श्यामसुंदर की पौती अब कक्षा 12 वीं की पढाई कर रही है और अब उसकी उम्र शादी लायक हो गई है। इसलिए लडके पक्ष के लोगों ने श्यामसुंदर से पौती की शादी करने के लिए कहा तो उसकी पौती ने बचपन में हुए रिश्ते को न मानते हुए लडके को नापसंद कर दिया। इसलिए श्यामसुंदर ने गिर्राज और उसके परिवार के लोगो से रिश्ता तोडते हुए शादी न करने की बात साफ शब्दों में कह दी। इसी बात पर इन दोनों के बीच बीती शाम को विवाद हो गया और दोनों पक्षों के लोगो के बीच लाठी डंडे चल गए। विवाद के दौरान एक पक्ष से श्यामसुंदर बंजारा, महावीर बंजारा, लक्ष्मण बंजारा घायल हो गए,वहीं दूसरे पक्ष से गिर्राज बंजारा, सोना बाई, रामपति बाई जख्मी हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। इस मामले में मानपुर थाना पुलिस ने श्यामसुंदर बंजारा पुत्र मोतीलाल बंजारा निवासी रामबाडी की रिपोर्ट पर सीताराम बंजारा, नारायण बंजारा, गुलाब बंजारा, सरवन बंजारा के खिलाफ तथा गिर्राज पुत्र काडूराम बंजारा निवासी रामबाडी की रिपोर्ट पर सुंदर बंजारा,चिरोंजी, प्रकाश बंजारा के खिलाफ मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

### चंबल नहर रोड पर आटो ने बाइक में मारी टक्कर,महिला की मौत


श्योपुर। मानपुर थाना क्षेत्र स्थित चंबल नहर रोड पर शुक्रवार की दोपहर को ऑटो और बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार महिला की मौत हो गई। जबकि दो लोग जख्मी हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया,जहां घायलों की स्थिति पूरी तरह खतरे से बाहर बताई गई है। पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर लिया है। मानपुर थाना प्रभारी पीएस यादव ने बताया कि ग्राम तिल्लीडेरा निवासी भागीरथ आदिवासी शुक्रवार की दोपहर को बाइक से अपनी मां रामप्यारी आदिवासी 50 वर्ष को लेकर अपने मामा के गांव में लेकर जा रहा था। बाइक पर भागीरथ के मामा की लडकी राधा भी सवार थी। बाइक सवार ये तीनो लोग जब बागचा की नई बस्ती के सामने थे,तभी सामने से आ रहे एक ऑटो ने इनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे भागीरथ और राधा तो जख्मी हो गए,जबकि रामप्यारी बाई पत्नी लड्डू आदिवासी की मौत हो गई।

---

# सेवानिवृत्त डिप्टी रेंजर माणक शर्मा का निधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सेवा निवृत्त डिप्टी रेजर एवं समाजसेवी माणक चंद शर्मा नयागाव ढोडपुर वालो का निधन हो गया है। वे करीब 80 साल के थे। उनके निधन की खबर से समूचे क्षेत्र में शौक की लहर दौड़ गई। सेवानिवृत्ति के बाद दिवंगत माणक चंद शर्मा समाज सेवा के काम से जुड़े रहे तथा वह ब्राह्मण समाज के सामाजिक उत्थान के लिए काम कर रहे थे। उनके भतीजे डॉ विशाल शर्मा ने बताया कि वे कुछ समय से बीमार थे,लेकिन इतनी अधिक तबीयत खराब नहीं थी, बीती रात को तबीयत अधिक खराब होने के कारण उन्हें अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोडकर गए है। शुक्रवार को पैतृक गांव नयागांव में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके अंतिम संस्कार में बडी संख्या में लोग शामिल हुए।



# तीन दिन श्योपुर में रहेगे मंत्री डॉ विजय शाह

श्योपुर। मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुर्नवास विभाग के मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह तीन दिवसीय प्रवास पर शुक्रवार की शाम को श्योपुर के कूनों नेशनल पार्क रोड मोरावन स्थित द पालपुर फोर्ट रिसोर्ट पहुंच गए। यहां उन्होने रात्रि विश्राम किया।निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह 25 अक्टूबर को स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे। इसके उपरांत 26 अक्टूबर को प्रातः 10.30 बजे श्योपुर में विभागीय अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं की प्रगति पर चर्चा करेंगे। दोपहर 01 बजे श्योपुर से ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगे।



---

श्योपुर मंडी में भावांतर योजना अंतर्गत शुरू हुई सोयाबीन की खरीदी

# भावांतर योजना में सोयाबीन का विक्रय करने वाले पहले किसान बने रामचरण, मंडी प्रशासन ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) अंतर्गत खरीफ वर्ष 2025 (विपणन वर्ष 2025-26) में ई-उपार्जन पोर्टल पर सोयाबीन फसल के पंजीकृत किसानों से खरीदी का कार्य शुरू हो गया है। भावांतर फसल का उपार्जन 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक किया जायेगा। सोयाबीन फसल का समर्थन मूल्य रू 5328 प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। श्योपुर कृषि उपज मंडी में ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत कृषक रामचरण मीणा निवासी दलारना सोयाबीन विक्रय करने वाले पहले किसान बनें। इसलिए किसान रामचरण मीणा का मंडी प्रांगण में एसडीएम एवं भार साधक अधिकारी गगन सिंह मीणा द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मंडी सचिव एसडी गुप्ता भी इस दौरान मौजूद रहें। किसान रामचरण मीणा द्वारा श्योपुर मंडी में 3 हजार 981 प्रति क्विंटल की दर से सोयाबीन का विक्रय किया गया। शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 5328 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। मंडी सचिव गुप्ता ने बताया कि एमएसपी रेट 5328 रूपये तथा मॉडल रेट के भांवातर की राशि का भुगतान किसानों को किया जायेगा।




---

गोरस से सबलगढ़ तक हाईवे के निर्माण में आड़े आ रहा 41 किमी का संरक्षित वन क्षेत्र

# वन विभाग की एनओसी के इंतजार में अटका नेशनल हाईवे 552 का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर जिले में इन दिनों नेशनल हाइवे 552 टोंक चिरगांव में भलेही पहले चरण (पाली से गोरस तक) का काम पूरा हो गया है,लेकिन दूसरे और तीसरे चरण का काम अटक गया है। हालांकि दूसरे चरण (गोरस से श्यामपुर तक ) का काम कुछ हिस्से में शुरू कर दिया गया है। लेकिन तीसरे चरण (श्यामपुर से सबलगढ तक) का काम टेंडर होने के बाद भी काफी दिनों से अटका पडा हुआ है। इसका कारण यह है कि श्यामपुर से सबलगढ के बीच 9 किलोमीटर का कूनो नेशनल पार्क का क्षेत्र आ रहा है। वहीं गोरस से श्यामपुर के बीच 32 किलोमीटर का हिस्सा भी इसी क्षेत्र में आ रहा है। इसलिए इस क्षेत्र में वन विभाग की ओर से काम शुरू किए जाने की फिलहाल अनुमति नहीं दी गई है। हालांकि एनएच के अफसर एनओसी के लिए आवेदन कर चुके हैं, लेकिन अभी एनओसी नहीं मिल सकी है।

यहां बताना होगा कि पाली से लेकर सबलगढ तक नेशनल हाइवे 552 का निर्माण तीन चरणों में पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। पहले चरण में पाली से लेकर गोरस तक का काम होना है। जबकि दूसरे चरण में गोरस से श्यामपुर तक और तीसरे चरण में श्यामपुर से सबलगढ तक का काम किया जाना है। पाली से गोरस तक का काम कंपलीट हो गया है। वहीं गोरस-श्यामपुर के बीच भी कुछ हिस्से में प्रारंभिक काम शुरू हो गया है। लेकिन श्यामपुर से सबलगढ तक का टेंडर होने के बाद भी शुरू नहीं हो सका है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि एनओसी मिलने में हो रही देरी से हाइवे बनने में भी देरी हो रही है और यह देरी इस हाइवे से गुजरने वाले वाहन चालकों की परेशानी बढाने का काम करेगी। वहीं इस हाइवे से जिन गांवों का जुडाव है,उन गांव के लोगों को भी हाइवे जल्द न बनने के कारण असुविधाएं झेलनी पडेगी।



### श्यामपुर सबलगढ के बीच नौ किमी का वाइल्डलाइफ कॉरिडोर

श्यामपुर से सबलगढ़ तक कुल 55 किलोमीटर के हाइवे का निर्माण होना है। 55 किलोमीटर के इस भाग के लिए गत वर्ष सितंबर माह में ही टेंडर हो चुके हैं, जिसमें इसके निर्माण की लागत 495 करोड़ रुपए है। लेकिन टेंडर होने के 8 महीने बाद भी काम शुरु होना तो दूर अभी तक संबंधित कंस्ट्रक्शन कंपनी के साथ एग्रीमेंट भी नहीं हुआ है। दरअसल 55 किलोमीटर के इस हिस्से में 9 किलोमीटर का क्षेत्र वाइल्डलाइफ कॉरिडोर का आ रहा है। जिसमें श्योपुर कूनो नेशनल पार्क और राजस्थान के कैलादेवी अभयारण्य के बीच का ये हिस्सा वाइल्डलाइफ कॉरिडोर के रूप में संरक्षित है, यही वजह है कि हाइवे निर्माण के लिए एनओसी की जरुरत है और वन विभाग की ओर से फिलहाल एनओसी नहीं दी गई है।

### गोरस श्यामपुर के बीच 32 किमी के हिस्से में रुका काम

नेशनल हाइवे 552 के दूसरे चरण में गोरस से लेकर श्यामपुर तक हाइवे का निर्माण होना है। 63.40 किलोमीटर लंबे इस हाइवे का निर्माण किए जाने के लिए लगभग 360 करोड़ रुपए का ठेका हो चुका है।कंपनी ने हाइवे का निर्माण करने के लिए काम भी शुरू कर दिया है। मगर गोरस से श्यामपुर तक 32 किलोमीटर का क्षेत्र कूनो नेशनल पार्क और सामान्य वन मंडल के अधीन आ रहा है, जो चीता टाइगर कॉरिडोर के लिए संरक्षित क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया है। इसलिए वन विभाग ने संरक्षित क्षेत्र में हाइवे निर्माण करने पर आपत्ति लगा दी है। हालांकि एनएच के द्वारा संरक्षित क्षेत्र में 300 मीटर के अंडर पास बनाया जाना इस हाइवे प्रोजेक्टर में शामिल किया गया है,लेकिन वन विभाग के अधिकारियों ने 300 मीटर के अंडरपासो को अनुपयुक्त बताते हुए 700 मीटर से 1280 मीटर तक के अंडरपास बनाए जाने की मांग रखी है,ताकि टाइगर और चीता जैसी दुर्लभ प्रजातियाँ सुरक्षित आवाजाही कर सकें। वन विभाग की आपत्ति के बाद कंपनी ने 32 किलोमीटर के हिस्से में काम रोकते हुए शेष हिस्से में प्रारंभिक काम शुरू कर दिया है।

### इनका कहना है...

गोरस से श्यामपुर और श्यामपुर से सबलगढ के बीच वाइल्डलाइफ कॉरिडोर का हिस्सा आ रहा है। जिसकी एनओसी के लिए आवेदन किया है।लेकिन अभी एनओसी नहीं मिली है। एनओसी मिलते ही गोरस श्यामपुर तक हाइवे निर्माण गति पकड लेगा और श्यामपुर सबलगढ के बीच भी काम शुरू हो जाएगा।'

विजय अवस्थी
उप अभियंता एनएच

---

# आयुष विभाग ने लगाए शिविर 640 रोगियों को मिला स्वास्थ्य लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर आयुष विभाग द्वारा विभिन्न औषधालयों पर स्वास्थ्य जांच एवं परीक्षण शिविरों का आयोजन शुरू कर दिया गया है। जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि आयुर्वेद औषधालय सोई, प्रेमसर, पांडोला, बगवाज, जैनी, सोंठवा, मानपुर, ढोढर, सूसवाडा, गढ़ी तथा कराहल होम्योपैथी एवं कनापुर यूनानी औषधालयों द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया शिविर के माध्यम से कुल 640 रोगियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में गर्भवती महिलाओं, बच्चों, एवं जराअवस्था के मरीजों का स्वास्थ परीक्षण कर बीपी, शुगर एवं हीमोग्लोबिन की जांच की गई। शिविर के माध्यम से उच्चरक्तचाप, मधुमेह, उदर रोग, संधिवात, आमवात, मूत्ररोग, अनिद्रा, अर्श विभिन्न मौसमी बीमारियां जैसे सर्दी, खांसी, ज्वर, वायरल संक्रमण, दस्त, टाइफाइड, त्वक रोग, एलर्जी, पेटदर्द, सिरदर्द, गले में खराश, आंखों में जलन आदि के मरीजों का उपचार किया गया। लाभार्थियों को योग प्राणायाम, दिनचर्या, ऋतुचर्या, आहारचर्या, औषधीय पौधों के बारे में जानकारी दी गई।




### मैं पल दो पल का शायर हूं, प्रथम एपिसोड के लिए रजिस्ट्रेशन 27 से

श्योपुर।कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में श्योपुर जिले को सांस्कृतिक इंडेक्स में बेहतर प्रदर्शन के उद्देश्य से जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद श्योपुर द्वारा शब्द, सुरो और एहसासो की सांस्कृतिक यात्रा की शुरूआत के लिए नवाचार पहल की गई है। इसके अंतर्गत प्रथम एपिसोड के लिए मैं पल दो पल का शायर हूॅ, थीम पर मशहूर गीतकार साहिर लुधियानवी के अमर गीतों पर आधारित प्रस्तुति दी जायेगी। उक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए किसी भी आयुवर्ग के महिला एवं पुरूष 27 अक्टूबर से 3 नवंबर तक अपना आनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते है। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने बताया कि डीटीपीसी अंतर्गत सांस्कृतिक यात्रा की शुरूआत की गई है, जिसमें गायको को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान किया जायेगा। सांस्कृतिक यात्रा के तहत विभिन्न गीतकारो पर आधारित एपिसोड का आयोजन पाक्षिक अथवा मासिक रूप से किया जायेगा। इसके तहत प्रथम एपिसोड गीतकार साहिर लुधियानवी के गीतों पर आधारित रखा गया है, जो भी प्रतिभागी उक्त कार्यक्रम में अपनी गायिकी का प्रदर्शन करना चाहते है, वे उक्त लिंक पर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते है। इसके तहत प्रतिभागी को साहिर लुधियानवी के दो-तीन गीतों का विकल्प देना होगा तथा गीत चयन की स्क्रीनिंग के बाद किसी एक गीत की प्रस्तुति देनी होगी। चयनित प्रतिभागियों को परिषद की ओर से प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जायेगा। इसके लिए श्योपुर ड्रीम्स वाटसएप ग्रुप भी बनाया गया है।

खबर संक्षेप



## गायों को दलिया और गुड़ का सेवन कराया गया

**अशोकनगर।** श्री ऋषभदेव कृपा वर्धमान सेवा समिति द्वारा आज दीपावली भाई दूज के पर्व पर दयोदय पशु केंद्र गोशाला रांवसर रोड अशोकनगर पर लगभग 500 से अधिक गायों को दलिया और गुड का सेवन कराया गया। जिसमें नगर के कहीं प्रतिष्ठित लोग सम्मिलित रहे। धर्मेंद्र जैन को इसका सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस कार्य में सभी नगर वासियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। गोशाला अध्यक्ष दिनेश महिदपुर, मंत्री प्रसून जैन, कोषाध्यक्ष निर्मल मिर्ची, प्रतिष्ठाचार्य राज किंग, जैन बिल्डर विकास जैन, सचिन जैन ,कृपाल सिंह यादव, राज प्रिंस, ऋदांश, मुन्नी देवी, रोशनी जैन, रिद्धिमा, आदि सम्मिलित रहे।

## उर्वरक वितरण व्यवस्था के लिए आवश्यक सूचना जारी

**अशोकनगर।** उप संचालक कृषि अमित भदौरिया ने बताया जिले के सरकारी गोदाम डबल लोक केन्द्र विदिशा रोड़ अशोकनगर तथा एम.पी.एग्रो पुरानी मण्डी अशोकनगर से शुक्रवार एवं शनिवार को कोई नया टोकन जारी नहीं किया जायेगा। उर्वरक हेतु आगामी नये टोकन वितरण की तिथि हेतु समस्त जानकारी के लिए किसान भाइयों से अनुरोध है कि मो.नं. 7999818774, 9644969155 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त करें। डबल लोक केन्द्र विदिशा रोड़ अशोकनगर से यूरिया, एन.पी.के एम.पी.एग्रो पुरानी मण्डी अशोकनगर से एन.पी.के. डबल लोक केंद्र मुंगावली एवं पिपरई से एन.पी.के का वितरण किया जायेगा। समितियों में उपलब्ध उर्वरको का वितरण कार्य भी जारी रहेगा।

## जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज



**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रूहाना निवासी शीलचन्द अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कान्हा, राहुल और पंकज रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से कान्हा रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शीलचन्द, देवेन्द्र , परमार और कमला अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुरानी मण्डी रोड़ निवासी कृष्णभान यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिशुपाल, रामवीर, अंकित और संजू राय ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चकेरी निवासी रामनरेश यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बलराम, माखन और संजीव यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामनगर निवासी संजय साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जावेद खान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डेंगा मौचार निवासी सरोज परिहार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति नीरज परिहार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## मंदिर से 20 हजार रुपए चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत ग्राम सिरनी निवासी गोपाल शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात व्यक्ति ग्राम लाल कांकड़ की पठार मंदिर परिसर से 20 हजार रूपए चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। जांच की जा रही है।

### खेतों में नरवाई में आग लगती नजर आई, मक्का के भुट्टे भी देखे गए

# खेतों में नजाराः कहीं जली नरवाई तो कहीं खड़ी फसल आई नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गुरूवार को अशोकनगर जिले के खेतों में 4 अलग अलग दृश्य नजर आए। इन दृश्यों में खेत में कचरा फैला हुआ नजर आया तो दूसरे दृश्य में किसान नरवाई में आग लगाते हुए देखे गए। तीसरे दृश्य मे मक्का की फसल का रिकार्ड उत्पादन नजर आया तो वहीं चैथे दृश्य में निकली हुई मक्के की फसल में नमी को लेकर किसान मक्का को सुखाते हुए नजर आए।

यह खबर इसीलिए महत्वपूण है कि पिछले दिनों कलेक्टर ने किसानों को निर्देश दिए थे कि खेतों में नरबाई को न जलाया जाए। उसके बाबजूद भी किसान कलेक्टर के आदेश से पूरी तरह से अन्भिज्ञ हैं और परंपरा के अनुसार कुछ किसान खेतों में नरबाई जलाते हुए नजर आए। नरबाई जलाने से किसानों की कृषि भूमि को कितना नुकसार पहुंचता है। यह सब जानने और समझने के बाद भी नरबाई में आग लगाने के मामले कम होने के नाम नहीं ले रहे हैं। अनेक स्थानों पर खेतों में धुएं के गुबार देखे गए, कईं जगह कचरे मे आग लगती हुई नजर आई, कई खेतों में मक्के की फसल का कचरा खेतों में फैला हुआ नजर आया तो कईं जगह जो कचरा फैला हुआ था उसे अलग अलग स्थानों पर ढेर बनाकर रखा गया था, बाद में इन ढेरों में आग लगती हुई देखी गई।





### जिले में मक्का की रिकॉर्ड फसल आने की संभावना



अशोकनगर से राजपुर, कचनार, भादौन, विदिशा रोड़, छीपोन, सूखा आमखेड़ा आदि स्थानों के खेतों में जहां कचरा और नरबाई में आग देखी गई। वहीं दूसरी ओर मक्के की रिकार्ड फसल भी खेतों में पड़ी देखी गई। किसान के खेतों में मक्का की फसल के ढेर लगे हुए नजर आए। कईं खेतों में तो यह ढेर इतनी बड़ी संख्या में देखे गए कि अनुमान लगाना मुश्किल है कि उनके यहां मक्के की फसल का उत्पादन कितना हुआ होगा। लेकिन निकली हुई फसल के ढेर यह बता रहे हैं कि जिले में इस बार मक्का का उत्पादन पिछले वर्ष की तरह तगड़ा हुआ है।

### कई किसानों के यहां मक्का के ढेर लगे नजर आए

जिन किसानों के द्वारा मक्के की फसल निकाली जा चुकी है। वह किसान मक्का के दानों को सूरज की रोशनी में सुखाते हुए नजर आए ताकि फसल में जो नमी बनी हुई है उसे कम किया जा सके। आने वाले दिनों में अशोकनगर गल्ला मण्डी में मक्के की फसल रिकार्ड स्तर पर आने की संभावना जताई गई है। इसकी तैयारियों में मण्डी प्रशासन भी लग गया है और किसान भी अपनी फसल मण्डी में लाने की तैयारियों में लगा है।

### मक्के की फसल का कचरा खेतों में पसरा हुआ है



यह कचरा खेतों में सिर्फ मक्के की फसल का ही देखा गया यह कचरा दो प्रकार का होता है एक तो कचरा वह होता है जो मक्के की फसल के भुटटे को ढक कर रखता है। फसल निकालने के बाद यह ढका हुआ हिस्सा कचरे में बदल जाता है। जिस भुटटे में दाने लगते हैं वह दाना निकलने के बाद डंठल कचरे में तब्दील हो जाता है। इस तरह का दृश्य खेतों में नजर आया। किसान भी पशोपेश में नजर आए कि इस कचरे को कहां ले जाया जाए। उन्हें आग लगाने के अलावा कोई चारा नजर नहीं आया जिसके कारण वह इस कचरे का निपटान आग लगाते करते हुए देखे गए।

# साइबर क्राइम को लेकर जागरूक किया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई

पिपरई थाने के द्वारा सेल्फ क्लिक अभियान चलाया जा रहा है जिसमें थाना प्रभारी इंचार्ज छगन सिंह के द्वारा पिपरई नगर के नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देकर समझाया कि आपके पास अगर कोई फोन अनजान नंबर से आता है तो आपको कोई भी ओटीपी नहीं देना हैं।

अगर वह कहता है कि आपके खाते में गड़बड़ है और आपका खाता सुधारना है। मोबाइल नंबर आधार कार्ड नंबर लिंक करवाना है यह कहे कर आपसे ओटीपी मांगती है तो आपको नहीं देना है न ही किसी रिश्तेदार का एक्सीडेंट या कुछ भी गड़बड़ की बातें कर कर आपसे ओटीपी मांगते हैं तो आपको नहीं देना। इस अभियान के तहत साइबर क्राइम टोल फ्री नंबर 1930 पर कॉल कर जानकारी दे सकते हैं और नजदीकी थाने पर आकर जानकारी दे सकते हैं। इस मौके पर थाना प्रभारी के अलावा एचसी योगेंद्र सिंह चैधरी एचसी राजेंद्र जोशी एचसी केपी रघुवंशी एचसी महावीर ओझा एनआरएस मलखान सिंह एवं ग्रामवासी रणबीर विश्वकर्मा, कंछेदी लाल, सुरेंद्र यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

## धरती माता बचाओ अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय निगरानी समिति का गठन

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के आदेशानुसार धरती माता बचाओ अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया गया है। कलेक्टर अध्यक्ष,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सह अध्यक्ष,पुलिस अधीक्षक जिला सदस्य,उपायुक्त सहकारिता विभाग अशोकनगर सदस्य,उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधि सदस्य, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र जिला अशोकनगर सदस्य,उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला अशोकनगर संयोजक रहेगें। साथ ही समिति किसी विशेष व्यतक्तिः या व्यक्ति समूह को उर्वरकों की अत्यधिक बिक्री, उर्वरकों के किसी भी अवैध उपयोग के साथ-साथ नकली उर्वरकों के उत्पादन/वितरण पर नजर रखना, उसके कारणों का पता लगाना और गैर-कृषि उपयोग/सीमा पार तस्करी के लिए उर्वरकों के उपयोग की स्थिति में अधोहस्ताक्षरी को सूचित कर सख्त कार्यवाही करेंगी। इस तरह उक्त अभियान के अंतर्गत उप खण्ड स्तरीय निगरानी समितियों का गठन भी किया गया है। जिनमें वहा के एसडीएम के साथ समिति के सदस्यों और कृषि विभाग के अधिकारियों को रखा गया है।

## कोतवाली परिसर में उप निरीक्षक अक्षय कुशवाह को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गुरूवार को कोतवाली परिसर में उप निरीक्षक स्व0 अक्षय कुशवाह को उनके असामयिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा उनके पुलिस विभाग में योगदान और कर्मठता को याद करते हुए पुष्प अर्पण कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा उप निरीक्षक स्व. अक्षय कुशवाह के पुलिस सेवा और अनुशासनप्रिय व्यक्तित्व को याद कर उनके निष्ठापूर्ण योगदान के लिए विभाग ने उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। श्रद्धांजलि सभा में पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा, अति. पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर, एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा, एसडीओपी चन्देरी शैलेन्द्र शर्मा, रक्षित निरीक्षक अशोकनगर शिवमंगल सिंह, थाना प्रभारी यातायात निरी. स्नेहा ठाकुर, थाना प्रभारी कोतवाली निरी. रवि प्रताप सिंह चैहान, थाना प्रभारी महिला थाना निरी. ओमप्रकाश मिश्रा, थाना प्रभारी चन्देरी निरी. मनीष जादौन, थाना प्रभारी शाढौरा निरी. सुनील सिकरवार, निरी. नरेश रावत, थाना प्रभारी देहात उनि. भुवनेश शर्मा, थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि. अरविन्द सिंह एवं पुलिस अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 69,840 रुपए नकद व 7 मोटरसाइकिल, 11 मोबाइल बरामद

# दीपावली पर होने वाले जुआ को लेकर पुलिस ने 49 को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दीपावली पर्व पर आज भी जुए का प्रचलन है, लोग छिपते छिपाते हुए तास के पत्तों से जुआ खेलने पहुंचते हैं। इन जुआरियों पर कार्रवाई करने के लिए एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने जिले में विशेष पुलिस टीमों का गठन किया था जिसके बाद जुए के 9 अडडों पर पुलिस ने छापामार कार्यवाही कर 49 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 69,840 रूपये नगद एवं 07 मोटरसाईकिल, व 11 मोबाईल बरामद किए हैं।

थाना कोतवाली द्वारा आरोपी विनोद उर्फ कल्ला पुत्र रमेश साहू उम्र 33 साल, धनकुवर उर्फ धन्नू पुत्र राजाराम कुशवाह उम्र 40 साल, वृंदावन वृंदावन उर्फ संजू साहू पुत्र जयराम साहू उम्र 30 साल ,डालचंद्र पुत्र रतिराम जैन उम्र 41 साल निवासीगण शंकरपुर मगरधा को गिरफ्तार किया है जिनके पास से 4600 रूपये एवं एक 52 पत्तों की ताश की गडडी जप्त किये गए। थाना चन्देरी द्वारा अनिरुद्ध पुत्र लक्ष्मण सिंह वैश्य उम्र 25 साल निवासी वार्ड न. 03 फूटा कुआ चंदेरी, अभिषेक पुत्र महादेव प्रसाद सेन उम्र 24 साल निवासी वार्ड न.04 नरसिंह मंदिर के पास चंदेरी, प्रेवश पुत्र संतोष ओझा उम्र 28 साल निवासी नया बस स्टेण्ड चंदेरी, आमिर पुत्र असद खान उम्र 25 साल निवासी वार्ड न.10 दुर्गा नगर कालोनी चंदेरी, उवेश खान पुत्र सदराकत खान उम्र 22 साल निवासी खिडकी दरवाजा चन्देरी से कुल 14050 रूपये एवं एक 52 पत्तों की ताश की गडडी जप्त की गई।

थाना नईसरांय द्वारा 02 प्रकरण जिसमें दिनेश पुत्र नारायण सिंह जाति कुशवाह उम्र 35 साल निवासी ग्राम किरोंदा, शंकर सिंह पुत्र धीरज सिंह जाति कुशवाह उम्र 36 साल निवासी ग्राम किरोंदा, रंजीत पुत्र दशरथ अहिरवार उम्र 22 साल निवासी ग्राम किरोंदा, रामभरोसा पुत्र कालूआ कुशवाह उम्र 37 साल निवासी ग्राम किरोंदा से 2500 रू एवं एक 52 पत्तों की ताश की गडडी जप्त गई इसी प्रकार नईसरायं पुलिस ने मुकेश पुत्र बाबूलाल नामदेव उम्र 41 साल निवासी नईसराय, वनवारी पुत्र राजेश भार्गव उम्र 31 साल निवासी नईसराय, निसार पुत्र इनायत खान उम्र 40 साल निवासी नईसराय, दिलीप पुत्र कैलाश नामदेव उम्र 40 साल निवासी नईसराय, संजीव पुत्र रमेश श्रीवास्तव उम्र 40 साल निवासी नईसराय से कुल 24400 रू नगद एवं एक 52 पत्तों की ताश की गडडी जप्त की है। थाना बहादुरपुर द्वारा श्रवण पिता रामलाल अहिरवार निवासी ग्राम कुम्हर्रा, रवि पिता जसराम कुशवाह निवासी मढी मतावली, मलखान पिता हरिराम अहिरवार निवासी मढी खुर्द, बलराम पिता किशोर सिंह यादव उम्र 30 साल निवासी ग्राम मढीखुर्द, वृंदावन पिता रामप्रसाद कुशवाह उम्र 32 साल निवासी ग्राम मढी खुर्द, सोरभ पिता रामसिंह कुशावह निवासी मढी खुर्द, प्रमोद पिता विजय कुशवाह निवासी मढी खुर्द, अनिल पिता हरिराम अहिरवार निवासी ग्राम मढी खुर्द से कुल 2080 रूपये नग, एक मोटरसाईकिल एवं एक 52 पत्तों की ताश की गडडी कुल 72080 जप्त किए।

थाना पिपरई द्वारा आरोपी मान सिंह अहिरवार पुत्र हरलाल अहिरवार निासी खिरकाटांका, रविन्द्र पुत्र बलवीर कुशवाह उम्र 24 साल निवासी ग्राम भीकली, मीनूराजा पुत्र रामवीर सिंह यादव उम्र 28 साल निवासी ग्राम भीकली, गोलू उर्फ बृजेश पुत्र बब्लू यादव उम्र 18 साल निवासी ग्राम भीकली, अजय पुत्र सुरेश अहिरवार उम्र 23 साल निवासी ग्राम आंवरी एवं संतोष पुत्र नत्थूलाल अहिरवार उम्र 36 साल निवासी ग्राम भीकली से कुल 11650 रूपए नगद एवं 04 मोबाईल कुल 75650 रूपये जप्त किये। थाना सेहराई द्वारा 03 प्रकरण जिसमें रामचरण पुत्र बीरन अहिरवार उम्र 27 साल, विकाश पुत्र पप्पू कुर्मी उम्र 22 साल, छोटू पुत्र वीरन अहिरवार उम्र 22 साल, गोरेलाल उर्फ मोनू पुत्र रतनलाल अहिरवार उम्र 32 साल निवासीगण सेहराई से कुल 2200 रूपये नगद एक मोटर साईकिल व तीन मोबाईल कुल कीमती 53200 रूपये जप्त किये, इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में आरोपी राजपाल पुत्र कमलसिंह लोधी उम्र 40 साल, जयपाल पुत्र सुल्तान सेन उम्र 45 साल, ओमकार पुत्र विजय सिंह लोधी उम्र 55 साल,.बलबीर पुत्र भज्जू लोधी उम्र 22 साल, सोनसिंह पुत्र जहार सिह लोधी उम्र 45 साल निवासी गण पठारी थाना सेहराई से कुल 850 रूपये नगद दो मोबाईल कुल कीमती 6850 रूपये जप्त किये। इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में आरोपी प्रकाश पुत्र खुमान सिह कोरी उम्र 26 साल नि.केनवारा थाना पिपरई, रामनिवास पुत्र लालसिंह कुशवाह उम्र 25 साल नि.सिलवाराकला, माधोसिंह पुत्र लालाराम कुशवाह उम्र 42 साल नि.सिलवाराकला, अशोक पुत्र लालचंद अहिरवार उम्र 43 साल निवासी केनवारा, .प्रभुलाल पुत्र रमला अहिरवार उम्र 45 साल नि.केनवारा ,06.उतम सिंह पुत्र फूपसिंह यादव उम्र 38 साल नि.केनवारा, जयेन्द्र पुत्र इन्द्रभान सिंह यादव उम्र 30 साल नि.केनवारा , .ब्रजेश उर्फ कल्ला पुत्र उमेश सिह कटारिया उम्र 22 साल नि.बामोरी केनवारा थाना पिपरई से कुल 7510 रूपये नगद, 05 मोटरसाईकिल, 02 मोबाईल कुल कीमती 292510 रूपये जप्त किये गए।

### वाहनों और उपकरणों की पूजा की गई, जेल में बंदियों को टीका लगाने के लिए बहनें पहुंची

# भाई दूज पर बहनों ने भाइयों के मस्तक पर तिलक लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





दीपावली का त्योहार धनतेरस से शुरू होता है और भाई दूज तक चलता है। दीपावली के इस त्यौहार को लेकर भाई दूज का दिन बडे पर्व के रूप मे मनाया जाता है। इस दौरान बहनो ने भाईयो को तिलक लगाए और भाईयो ने बहनो के चरण छुए। इस दौरान वाहनो की पूजा की गई। पूरे दिन भाई दूज का त्योहार मनता रहा।

अशोकनगर मे भाई दूज के पर्व की शुरूआत सुबह से ही हो गई थी। इस पर्व को लेकर सभी उम्र के लोगो ने अपनी बहनो के घर जाकर भाई दूज का पर्व मनाया। कई बहने भाइयो के घर आते देखी गई। छोटे बच्चो ने भी भाई दूज का पर्व मनाया। शहर में भाई दूज के पर्व को लेकर संस्थानों से लेकर दुकानदारों में भी उत्साह देखा गया। वाहन मालिकों भी अपने वाहनों को धुलाई कराते हुए देखा गया। भाई दूज के इस पर्व पर सबसे पहले संस्थानों में पूजा की शुरूआत हुई। इस दौरान मशीनरी की पूजा की गई पूजा के बाद उपस्थित जनों को प्रसाद का वितरण किया गया। यहां भी दीपावली जैसा पर्व मनते हुए नजर आया।

अशोकनगर शहर के जिला जेल मे रह रहे बंदियो को तिलक लगाने बहने पहुचीं। वही महिला बंदियो से तिलक लगवाने भाई पहुचे। जेल प्रशासन द्वारा नियम तय किए गए थे। उन नियमो का पालन कराते हुए देखा गया। यहां आने वाले बंदियों के परिवार जनों को लेकर जेल विभाग द्वारा पहले ही निर्देश जारी कर दिए गए थे उन निर्देशों के चलते बंदियों से मिलने के लिए उनके परिजनों को पहचान पत्र दिखाना पड़ा। एक के बाद एक परिवारजनों को मिलने की सुविधा प्रदान की गई। जांच पड़ताल के बाद ही जेल मैनुअल के अनुसार ही मिलने की पात्रता प्रदान की गई। जब बहनें अपने जेल में रह रहे बंदी भाईयों से मिली तब उनकी आंखे नम नजर आईं। बहनों ने भाईयों से वचन लिया कि वह भाईदूज के दिन वह इस बात की प्रतिज्ञा करें कि इसके बाद वह कभी अपराध नहीं करेंगें। भाई भी बहनों को






भरोसा दिलाते नजर आए। निर्धारित समय के अनुसार जेल में ही मेल मुलाकात का दौर चलता रहा।

शहर के तुलसी सरोवर के साथ अन्य जल स्त्रोतों पर भी वाहन चालक अपने वाहन लेकर पहुंचे और वाहनों की धुलाई करते देखे गए। हालांकि शहर के वाहन धुलाई सेंटरों पर भी वाहनों की कतारें लगी रहीं। दीपावली पर्व से शहर में ट्रांसपोर्ट व्यवसाय के सभी ट्रक चलना बंद हो गए थे। इन वाहनों के चालकों ने पहले अपने घरों में दीपावली का पर्व मनाया बाद में यह वाहन चालक भाईदूज के दिन इन वाहनों की पूजा करते नजर आए। जिसके बाद से यह वाहन चलना प्रारंभ हो गए हैं। दीपावली पर्व से ही जिले में बसों का संचालन भी बंद चल रहा था, यह संचालन भी भाई दूज के बाद से प्रारंभ हो गया है। बसें बंद होने की वजह से लोगों को या तो अपनी यात्रा ट्रेनों से करनी पड़ी या फिर दोपहिया अथवा कार जैसे वाहन से यात्रा करना पड़ी। लेकिन भाई दूज के बाद जिले में फिर से सड़कों पर यह वाहन चलना प्रारंभ हो जाएगें।

### देव स्थानों पर श्रद्धालुओं का मेला लगा

जिले में देव स्थानों पर भी श्रद्धालुओं को जाते हुए देखा गया। इस दौरान परिवार जनों ने अपने कुल देवता की पूजा अर्चना की। उनके देव स्थान पर पहुंचे जहां पूरी आस्था और पूजा अर्चना के साथ प्रसाद चढ़ाया, भोग लगाया गया। कईं स्थानों पर कन्या पूजन और भोज के आयोजन भी हुए। कन्याओं के पैर पूजे गए। जिले भर में सुबह से ही देवस्थानों पर जाने वालों को देखा गया। इस मौके पर सिरसवास, शाढ़ौरा, मोहरी, आमखेडा आदि स्थानों पर यह श्रद्धालु देखे गए। रात्रि में अनेक लोगों को इन देव स्थानों पर सवारी आती हुई देखी गईं। जहां उन्होंने देवों से अपनी जिज्ञासाएं पूछीं और उनका समाधान भी लोगों को पूछते हुए देखा गया। इस मौके पर देवस्थानों को आर्कषक ढंग से सजाया गया था। यह देव स्थान जिले भर में अपनी मान्यता के लिए जाने जाते हैं।